विश्व में प्रसिद्ध हनुमान चालीसा... पृष्ठ 2 | ईडी ने की दुर्ग क्षेत्र के बालोद... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स





।। जय श्री जलाराम ।।

**श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर**

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559

नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।


सोमवार, 10 मार्च 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 145, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

# राजनांदगांव में जल संकट: प्रशासन की घोर लापरवाही से शिवनाथ नदी का एनीकट बदहाल




### पानी खरीदने की नौबत, जनता पर बोझ

पिछले पाँच वर्षों में पानी की स्थिति इतनी बिगड़ चुकी है कि गर्मियों में नगर निगम को बार-बार मोंगरा बैराज और मटियामोती जलाशय से पानी खरीदना पड़ रहा है। पहले यह स्थिति साल में दो बार आती थी, लेकिन अब यह औसतन पाँच से छह बार होने लगी है। इसका सीधा असर आम जनता पर पड़ रहा है, क्योंकि इसकी भरपाई आखिरकार नागरिकों से ही की जा रही है।

**राजनांदगांव (नांदगाँव टाइम्स)।** प्रशासन की लगातार अनदेखी और घोर लापरवाही के कारण शिवनाथ नदी का मोहारा एनीकट अपनी जल भंडारण क्षमता का 40त्न तक खो चुका है। 2011 में बने इस एनीकट की सफाई कभी नहीं की गई, जिसके चलते आज हालात इतने खराब हो चुके हैं कि 1 किमी तक नदी के दायें तट पर 160 मीटर चौड़ी और 1.52 मीटर ऊँची गाद जमा हो चुकी है। इस गंभीर स्थिति के बावजूद नगर निगम और जिला प्रशासन सालों तक आंखें मूंदे बैठा रहा।

### सफाई की योजना भी संदेह के घेरे में

खनिज विभाग का कहना है कि गाद हटाने से एनीकट की जल भंडारण क्षमता पुन: बहाल हो जाएगी और 23 गांवों सहित पूरे राजनांदगांव को पर्याप्त जल आपूर्ति मिल सकेगी। लेकिन प्रशासन के पिछले ट्रैक रिकॉर्ड को देखते हुए यह भी एक दिखावटी वादा लगता है। सवाल यह है कि अगर सफाई इतनी ही जरूरी थी, तो इसे पहले क्यों नहीं किया गया? क्या यह सिर्फ एक और सरकारी औपचारिकता भर है?
अगर प्रशासन ने समय रहते कदम उठाए होते, तो आज राजनांदगांव के लोग जल संकट से जूझने को मजबूर नहीं होते। अब देखना यह होगा कि सफाई अभियान वास्तव में कोई असर दिखाएगा या फिर यह भी सरकारी फाइलों में सिमटकर रह जाएगा।

### अब जागा प्रशासन, लेकिन देरी से

अब जब स्थिति नियंत्रण से बाहर होती दिख रही है, तब जाकर नव निर्वाचित महापौर मधुसूदन यादव और कलेक्टर संजय अग्रवाल ने शिवनाथ नदी का निरीक्षण कर सफाई के आदेश दिए हैं। लेकिन सवाल यह उठता है कि प्रशासन को अब तक क्या सूझा था? पिछले 13 सालों से यह समस्या बनी हुई है, फिर भी इसे हल करने की कोई ठोस पहल नहीं की गई। अब जाकर जब शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की गंभीर किल्लत हो रही है, तब प्रशासन सफाई के निर्देश देकर अपनी जिम्मेदारी से बचने की कोशिश कर रहा है।

# विप्र महिला मंडल ने मनाया फागुन उत्सव

## श्रीमती कविता यादव एवं हेमा देशमुख भी हुई शामिल



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** राजनंदगांव विप्र महिला मंडल जिला इकाई ने आज फागुन उत्सव और अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस दोनों को एक साथ मनाया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सभी महिलाएं आज दोपहर डोंगरगांव रोड स्थित होटल रजवाडा में जुटी और एक दूसरे को बधाई देते हुए शानदार तरीके से रंग गुलाल के साथ फग्गुन उत्सव मनाया।

महिला मंडल द्वारा आयोजित इस समारोह में प्रमुख रूप से नवनिर्वाचित महापौर भूतपुर्व सांसद मधुसूदन यादव की धर्मपत्नी श्रीमती कविता यादव एवं निवृतमान महापौर श्रीमती देशमुख भी विशेष रूप से शामिल हुई। सभी महिलाओं ने आज दोनों अतिथियों का पुष्पाहार से स्वागत् किया एवं रँग गुलाल लगाकर समारोह का शुभारंभ किया। होली की मस्ती का कोई जवाब नहीं है। इस समारोह में शुरुवाती दौर अध्यक्ष संध्या महेश शर्मा द्वारा प्रतिवेदन पढा गया और विप्र की गतिविधियों और उसका सामाजिक सरोकार के बारे में बताया गया तथा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला सशक्तिकरण हेतु कार्य योजना के बारे में बताया गया। इसके बाद अतिथिद्वय कविता यादव एवं श्रीमती हेमा देशमुख ने अपने विचार व्यक्त किये। यहां तक तो सब कुछ सामान्य लग रहा था लेकिन जैसे ही बात होली की आई और डीजे में सिर्फ होली की धुन बजी कि सभी महिलाओं में होली का खुमार छा गया और एकाएक जबरदस्त होली का माहौल बन गया। सभी महिला सदस्यों ने यहां जमकर होली खेली,खूब गाया और खूब नाचा भी और इस आयोजन को यादगार बना दिया। इस अवसर पर अध्यक्ष संध्या शर्मा, संध्या तिवारी, राधा तिवारी, साधना तिवारी,माया शर्मा,अनुराधा शर्मा, पूनम शर्मा, प्रीति शर्मा, डॉक्टर मनाली, शर्मा संगीता जोशी , पायल शर्मां वर्षा शर्मा,प्रीती शर्मा, सहित लगभग 100 महिलाए उपस्थित थी।



# टीम इंडिया 12 साल बाद जीती चैंपियंस ट्राफी




**नई दिल्ली।** टीम इंडिया ने फाइनल में न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराकर चैंपियंस ट्रॉफी जीत ली है। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में इंडिया ने 252 का टारगेट 49 ओवर में चेज कर लिया। 9 महीने में बतौर कप्तान रोहित शर्मा का यह दूसरा द्रुष्ष्ट खिताब है। उन्होंने पिछले साल 29 जून को टी-20 वर्ल्ड कप भी जिताया था। रोहित शर्मा ने कप्तानी पारी खेली और 76 रन बनाए।रन चेज में श्रेयस (48 रन), केएल राहुल (नाबाद 34 रन), अक्षर पटेल (29 रन) का अहम रोल रहा। गेंदबाजी में सबसे बड़ा रोल रहा कुलदीप यादव का, जिन्होंने दो ओवर में लगातार 2 विकेट लेकर गेम इंडिया के पाले में ला दिया। उन्होंने रचिन रवींद्र और केन विलियम्सन को पवेलियन भेजा। न्यूजीलैंड से सबसे ज्यादा स्कोर डेरिल मिचेल (63 रन) का रहा। भारत-न्यूजीलैंड का स्कोरबोर्ड

दोनों टीमों की प्लेइंग-11**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी और वरुण चक्रवर्ती।**न्यूजीलैंड :** मिचेल सैंटनर (कप्तान), विल यंग, रचिन रवींद्र, केन विलियम्सन, डेरिल मिचेल, टॉम लैथम (विकेट कीपर), ग्लेन फिलिप्स, माइकल ब्रेसवेल, नाथन स्मिथ, काइल जैमीसन और विलियम ओरूर्क।

# खाटू वाले श्याम प्रभु का रंग रंगीला फागुन महोत्सव कल

## हनुमान श्याम मंदिर में सजेगा भव्य दरबार, कमल कान्हा के भजनों की मचेगी धूम



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** श्री श्याम भरोसे परिवार द्वारा परंपरा अनुसार खाटू वाले श्याम प्रभु का रंग रंगीला फागुन महोत्सव फागुन शुक्ल एकादशी 10 मार्च 2025, सोमवार को बड़ी श्रद्धा भक्ति के साथ धूमधाम से मनाया जाएगा। श्री हनुमान श्याम मंदिर में विराजित खाटू वाले श्याम प्रभु का अलौकिक दरबार सजाया गया है साथ ही पूरे मंदिर परिसर की सजावट की गई है। श्री श्याम भरोसे परिवार की ओर से नरेंद्र शर्मा, विष्णु प्रसाद लोहिया, रामकिशन खंडेलवाल, संजय राय, गोविंद अग्रवाल, राजेश शर्मा, शंकर सिंह कोठारी, संतोष बावरिया, बंसी अग्रवाल, अमित खंडेलवाल, योगेश लोहिया एवं प्रशांत अग्रवाल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार श्री हनुमान श्याम मंदिर में खाटू वाले श्याम प्रभु का फागुन महोत्सव अनेक वर्षों से मनाया जा रहा है। इसके तहत कल 10 मार्च सोमवार रात्रि 08:15 बजे से भजन संध्या आयोजित है। भव्य भजन संध्या में अलवर (राजस्थान) के सुप्रसिद्ध श्याम सेवक कमल कान्हा अपनी सुमधुर वाणी से भजन रूपी अमृत गंगा प्रवाहित करेंगे। इस दौरान अखंड ज्योति प्रज्वलित की जाएगी। छप्पनभोग लगाया जाएगा, इत्र, केशर, गुलाब जल एवं फूलों की होली खेली जाएगी। आयोजन समिति ने नगर के धर्म प्रेमी माता-बहनों एवं बंधुओ से आग्रह किया है कि वे इस धार्मिक उत्सव में शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त करें।

# नगर में नि:शुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला आज

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** संचालक आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी सिद्ध एवं होम्योपैथी (आयुष) छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशन एवं जिला आयुष अधिकारी राजनांदगांव के कुशल मार्गदर्शन में नगर के पुराना सरकारी हॉस्पीटल परिसर में कल 10 फरवरी को सुबह 10 बजे से ब्लॉक स्तरीय नि:शुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया है।

शिविर में जिले के अनुभवी आयुष चिकित्सकों द्वारा वातरोग, गठियावात, आमवात, संधिवात, कटिशूल, उदररोग, स्त्रीरोग, बालरोग, चर्मरोग, मधुमेह, बीपी श्वास, कास, अर्श (बवासीर), रोग एवं अन्य पुराने एवं जटिल रोगों की आयुर्वेद एवं होम्योपैथी, चिकित्सा पद्धति द्वारा निदान कर नि:शुल्क उपचार किया जायेगा, साथ ही उपलब्ध औषधि का वितरण किया जायेगा। शिविर प्रभारी डॉ. तपेश्वर सिंह ने बताया कि शिविर में विशेष रूप से जिला आयुष अधिकारी डॉ. शिल्पा मिश्रा का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। साथ ही शिविर में विशेष रूप से संभावित मरीजों का नेत्र जांच, मोतियाबिंद जांच, शुगर जांच एवं बीपी जांच भी नि:शुल्क किया जायेगा। उन्होनें आमलोगों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

# 10 पंचों ने चुना अजय को, बिहारीकला के उपसरपंच बने अजय अग्रवाल

**अम्बागढ़ चौकी (नांदगांव टाइम्स)।** विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत बिहरीकला से अजय अग्रवाल उपसरपंच के पद पर निर्वाचित हुए है। ज्ञात है कि बिहरीकला पंचायत में कुल 15 वार्ड पंच चुने गए थे, जिनमे से 10 पंचों ने अजय अग्रवाल के पक्ष में बहुमत देकर उनको चुना है।अजय अग्रवाल के उपसरपंच बनने पर उनके समर्थकों और ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है। ज्ञात हो कि शनिवार को जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के मानपुर जनपद में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के चुनाव के साथ - साथ पूरे जिले के ग्राम पंचायतों में उपसरपंच का चुनाव सम्पन्न हुआ।



# श्याम फागुन महोत्सव के तृतीय दिवस आज खेली जाएगी फूलों की होली

## मनीष भट्ट एवं गिन्नी कौर देंगी शानदार प्रस्तुति, उदयाचल में सजा है भव्य श्याम दरबार, इत्र , केशर एवं गुलाब जल की होगी बारिश

**राजनंदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** श्री श्याम परिवार मित्र मंडल द्वारा आयोजित 30 वें चार दिवसीय श्री श्याम फागुन महोत्सव के तृतीय दिवस आज फागुन शुक्ल एकादशी ,10 मार्च सोमवार को रात्रि 7:00 बजे से उदयाचल प्रांगण में भव्य भजन संध्या आयोजित है । जिसमें मुंबई के सुप्रसिद्ध श्याम सेवक मनीष भट्ट एवं मुंबई की ही श्याम दीवानी गिन्नी कौर द्वारा फागुन महोत्सव को भव्यता प्रदान करने के लिए फागुनी रंगों में रंगे भजनों की बौछार से भक्त एवं भगवान को स्नान कराते हुए अपनी ओजस्वी एवम मधुर वाणी से भजनों की प्रस्तुति देंगे । श्री श्याम परिवार मित्र मंडल के अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल , भावना घनश्याम अग्रवाल , विद्या गोपाल अग्रवाल , ज्योति सुशील अग्रवाल , सोनल अशोक अग्रवाल , प्रीति शंकर खंडेलवाल , मिथिलेश संतोष हुंका द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार खाटू वाले श्याम प्रभु के चार दिवसीय फागुनी महोत्सव को भव्यता प्रदान करने उदयाचल प्रांगण में श्याम प्रभु का भव्य अलौकिक दरबार सजाया गया है , अखंड ज्योति प्रज्वलित की गई है , जिसमे उपस्थित सभी श्रद्धालु भक्तो ने आहुति प्रदान कर प्रभु के समक्ष अपनी मनोकामना रखी , छप्पन भोग एवं पान भोग लगाया गया । महोत्सव के द्वितीय दिवस फागुन शुक्ला दशमी 09 मार्च को कोलकाता की श्याम सेविका श्वेता कौशिक एवं लखनऊ की श्याम दीवानी गुड़िया विभा मिश्रा ने अपने सुमधुर भजनों की शानदार प्रस्तुति से भक्त माता - बहनों एवम बंधुओं को नृत्य करने लालायित कर दिया । पूरे पंडाल में उपस्थित भक्त भजनों की धुन में थिरकने लगे , इस दौरान भक्तो के ऊपर इत्र , केशर , गुलाबजल एवम फूलो की बरसात होती रही । आयोजन समिति के राजेंद्र महोबिया ,संतोष महोबिया ,रमणीक अग्रवाल ने श्रद्धालु भक्त माता - बहनों एवम बंधुओं से आग्रह किया है कि इस धार्मिक महोत्सव में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ प्राप्त करें ।



# नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष एवं पार्षदों का शपथ ग्रहण 17 मार्च को खुले स्थान में

## प्रथम सम्मेलन 19 मार्च को, नागरिको में हर्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष की मांग पर प्राधिकृत अधिकारी ने बदली तिथियां

**अंबागढ चौकी ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर पंचायत अंबागढ चौकी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह 17 मार्च को प्रथम सम्मिलन 19 मार्च को रखा गया है। इससे पहले प्रशासन ने शपथ व प्रथम सम्मिलन के लिए 11 मार्च की तिथि तय की थी, लेकिन नगर पंचायत के अध्यक्ष के मांग पर प्रशासन ने इन दोनो कार्यक्रम के लिए अलग अलग तिथिया निर्धारित की है।

नगर पंचायत अंबागढ चौकी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह अब नगर पंचायत कार्यालय के स्थान पर 17 मार्च को नगर के खुली जगह बस स्टैन्ड स्थित सार्वजनीक मंच में होगा। पहले प्राधिकृत अधिकारी ने शपथ ग्रहण के लिए 11 मार्च को नगर पंचायत के सभाकक्ष का चयन किया था और इसी तिथि को शपथ ग्रहण के ठीक एक घंटे बाद प्रथम सम्मिलन व नगर पंचायत उपाध्यक्ष का चुनाव रख दिया था। प्रशासन द्वारा शपथ ग्रहण व सम्मिलन के लिए एक ही तिथि निर्धारित कर दिए जाने का विरोध शुरू हो गया था और तिथि बदलने तथा दोनो कार्यक्रम को अलग अलग दिन आयोजित करने की मांग उठने लगी थी।

**नगर पंचायत अध्यक्ष ने की थी तिथि परिवर्तन की मांग**

नगर पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने प्राधिकृत अधिकारी एसडीएम मोहला से बुधवार को भेटकर शपथ ग्रहण व प्रथम सम्मिलन अलग अलग तिथियो में आयोजित करने की मांग रखी थी। अध्यक्ष ने प्राधिकृत अधिकारी से होली पर्व के बाद दोनो कार्यक्रम को किसी भी तिथि में अलग अलग दिन रखे जाने की मांग की थी। एसडीएम ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष को आश्वासन दिया था कि वारिश अधिकारियो से चर्चा के बाद गाइडलाईन के अनुरूप यह दोनो कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

**खुले स्थान पर शपथ ग्रहण रखने की थी मांग**

### पहले शपथ व प्रथम सम्मिलन एक ही दिन 11 मार्च को नगर पंचायत के सभागृह में रखा था

नगर पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने प्राधिकृत अधिकारी एसडीएम मोहला से शपथ ग्रहण को खुले स्थान पर रखने की मांग की थी। जिससे इस आयोजन से नगरवासी भी जुड सके। नगर अध्यक्ष ने एसडीएम से चर्चा कर यह बताया था की नगर पंचायत में शपथ ग्रहण कार्यक्रम में सौ से अधिक लोग शामिल नही हो सकते है। और नगर पंचायत के सभागृह में आयोजन से कई तरह की असुविधाओ का सामना करना पड सकता है। इसलिए शपथ ग्रहण को नगर के बस स्टैन्ड या जनपद पंचायत परिसर में कराया जाना उचित होगा।

**शपथ में शामिल हो सकते है नगरवासी**

नगर पंचायत में शपथ ग्रहण रखे जाने पर नगरवासी इस कार्यक्रम से जुड नही पाते। लेकिन अब खुले स्थान पर शपथ ग्रहण रखे जाने से नगर के सैकडो नागरिक आसानी से इस कार्यक्रम में शामिल हो सकते है। इसके अलावा नगर पंचायत के नवनिर्वाचित पार्षदगण अपने परिवार, मित्रो व समर्थकों के साथ इस आयोजन से जुड जाएंगे। प्राधिकृत अधिकारी के नए आदेष के बाद नगरवासियो में हर्ष व्याप्त है।

**प्रशासन का जताया आभार**

नगर पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों के लिए शपथ ग्रहण 17 मार्च व प्रथम सम्मिलन के लिए 19 मार्च का तिथि निर्धारित किए जाने के बाद नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी एवं नगरवासियो ने जिले के कलेक्टर व प्राधिकृत अधिकारी एसडीएम मोहला सहित जिला प्रषासन का आभार जताया है। इधर प्रशासन एवं प्राधिकृत अधिकारी द्वारा शपथ ग्रहण व प्रथम सम्मिलन के लिए नई तिथिया निर्धारित करने के बाद नगरीय निकाय ने दोनो कार्यक्रम को लेकर तैयारिया आरंभ कर दी है।

**नगर पंचायत उपाध्यक्ष का चुनाव 19 को**

नवीन जिला मोहला मानपुर अंबागढ चौकी के एक मात्र नगरीय निकाय नगर पंचायत अंबागढ चौकी के उपाध्यक्ष पद का चुनाव एवं प्रथम सम्मिलन 19 मार्च को होगा। प्राधिकृत अधिकारी मोहला एसडीएम ने बताया की उपाध्यक्ष के लिए चुनाव की प्रक्रिया 19 मार्च को प्रात: 11 बजे से आरंभ हो जाएगी। चुनाव नगर पंचायत के सभागृह में सम्पन्न होगा। उपाध्यक्ष का चुनाव लडने के इच्छुक पार्षद दोपहर साढे ग्यारह से साढे बारह बजे तक नाम निर्देशन पत्रा दाखिल कर सकते है। इसके बाद नामांकन की जांच होगी। नाम वापसी के लिए आधी घंटे का समय दिया गया है। और यदि मतदान की स्थिती बनी तो दोपहर डेढ से ढाई बजे तक मतदान व इसके बाद परिणाम की घोषणा की जाएगी।

## नगर पंचायत में उपाध्यक्ष चुनाव आज

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर पंचायत डोंगरगांव में नवनिर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदों का शपथ ग्रहण के बाद 10 मार्च सोमवार को उपाध्यक्ष पद हेतु चुनाव होना है भाजपा का 12 वोट है और कांग्रेस का मात्र 3 वोट है भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ उपाध्यक्ष बनना तय है परन्तु कांग्रेस 3 वोट के बावजूद भी उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव में अपनी भागीदारी निभाते हुए जोर आजमाइश करेगी नगर पंचायत डोंगरगांव के सभा गृह में प्रथम सम्मेलन का आयोजन किया गया है।

एस डी एम द्वारा अधिसूचना जारी के बाद 12 बजे तक नाम निर्देशन पत्रों की प्रस्तुति के बाद जांच और आपत्तियों का समय 12,30 बजे से 1 बजे तक मतदान होगा और उसके बाद परिणाम की घोषणा की जाएगी अब देखना है कि भाजपा में पूर्ण बहुमत के बाद किसके सिर में ताज उपाध्यक्ष पद का होगा भाजपा में वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद की दौड़ में सबसे पहले मटिया के पुरुषोत्तम साहू मनबोधी पटेल कोमल साहू प्रफुल्ल राजा जैन रोहित गुप्ता लीलाराम मंडलोई लक्ष्मीनारायण सेन की चर्चा जोरो पर चल रहा है अब भाजपा की पहली पसंद कौन है ये तो सोमवार को पता चल जाएगा।

## दिग्विजय रतनभाट के निर्विरोध उपसरपंच बने

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छुरिया विकासखंड के अंतर्गत आने



वाले ग्राम पंचायत रतनभाट में सरपंच पद में पवन खरे नवनिर्वाचित हुए। यहां पर सरपंच पद के लिए दो प्रत्याशी मैदान में थे, पवन खरे ने अपने प्रतिद्वंदी प्रत्याशी को 180 वोटों के अंतर से हराया। जीत के बाद गांव में समर्थको के साथ विजय जुलूस निकाला गया। जिसमें ग्राम के 11 पंचों सहित सभी ग्राम वासी मौजूद रहे, 3 मार्च को नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजन हुआ , जिसमे पंचायती राज अधिनियम 1993 के नियमों के निर्वहन वदायित्वों का पालन करने और स्वच्छता बनाए रखने के शपथ लिया गया। वही 8 मार्च को उपसरपंच के चुनाव में दिग्विजय मिश्रा निर्विरोध उपसरपंच चुने गए। सरपंच और उपसरपंच ने सभी ग्रामवासियों एवम् मतदाताओं ह्रदय से आभार प्रकट करते हुए कहा कि सुंदर और सुरक्षित स्वास्थ्य और गांव का विकास करना ही हमारा लक्ष्य रहेगा । सभी ने इनके नेतृत्व में गांव के उज्वल भविष्य की कामना की है।

## सप्ताह के सितारे (10 मार्च 2025)

### दैनिक शुभ राशि

| | | |
|---|---|---|
| सोम | 1- 4- 8- 0 | 14-41-18-81-08-80 |
| मंगल | 2- 3 - 7 - 0 | 23-32-27-72-37-73 |
| बुध | 3- 5 - 7 - 8 | 57-75-58-85-78-87 |
| गुरू | 1- 4 - 8 - 9 | 14-41-18-81-48-84 |
| शुक्र | 2 - 5 - 7 - 8 | 17-71-25-52-48-84 |
| शनि | 3 - 4 - 6- 0 | 46-64-47-74-68-86 |

अंकों का बादशाह -1 सप्ताह में अचूक 3 - 5 - 9 - 0

सप्ताह का वरदान -0 स्पेशल - 04- 17 -95 -40

सप्ताह में देखे

| | |
|---|---|
| (1) 13 - 15 - 19 - 10 | (6) 63 - 65 - 69- 60 |
| (2) 23 - 25 - 29 - 20 | (7) 73 - 75 - 79 - 70 |
| (3) 33 - 35 - 39 - 30 | (8) 83 - 85 - 89 - 80 |
| (4) 43 - 45 - 49 - 40 | (9) 93 - 95 - 99 - 90 |
| (5) 53 - 55 - 59 - 50 | (10) 03 - 05 - 09 - 00 |

बीते पांच सप्ताह के रिकार्ड

| (कल्याण) | (नाइट बाजार) |
|---|---|
| 08-55-04-14-55-51 | 55-79-15-43-08 |
| 71-27-21-23-95-29 | 51-93-15-27-64 |
| 21-19-33-17-76-84 | 76-65-74-87-45 |
| 57-65-06-97-93-53 | 58-85-06-04-97 |
| 21-01-80-39-20-01 | 79-11-21-76-00 |

चेतावनी- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक का कोई जवाबदारी नहीं होगी।

संपादक

# उल्लास नवभारत साक्षरता मिशन की बैठक संपन्न



**खैरागढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** राष्ट्रीय साक्षरता मिशन प्राधिकरण के निर्देशन एवं राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण के मार्गदर्शन में जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण का गठन किया गया है जिसमें जिला कलेक्टर श्री चंद्रकांत वर्मा अध्यक्ष हैं एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्री लाल जी द्विवेदी सचिव हैं। कलेक्टर श्री चंद्रकांत वर्मा के निर्देशन में 25फरवरी को जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण की आवश्यक बैठक दो पाली में डाइट खैरागढ़ में आयोजित किया गया। जिसमे सभी ग्राम प्रभारी एवं संकुल समन्वयक उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के सचिव एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्री लाल जी द्विवेदी ने मां सरस्वती के तेल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि हमारे जिला में शिक्षा को जन जन तक पहुंचाना है और देश को विकसित देश बनाने में एक कदम बढ़ाना है। उल्लास साक्षरता जिला नोडल अधिकारी एवं सहायक संचालक डॉ श्रीमती रश्मि खरे ने बताया कि 23 मार्च 2025 को उल्लास साक्षरता परीक्षा महाअभियान आयोजित किया जाएगा जिसमें जिले के सभी असाक्षर परीक्षा में शामिल होने जा रहे हैं। यह बैठक परीक्षा पूर्व तैयारी हेतु आयोजित किया गया है। बैठक में डाइट प्राचार्य एवं डाइट से जिला नोडल उल्लास साक्षरता श्री सुनील शर्मा, जिला शिक्षा कार्यालय से सहायक जिला नोडल अधिकारी उल्लास साक्षरता श्री नेहरु लाल वर्मा, जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण सदस्य एवं प्राचार्य सेजेस बालक श्री रोशन लाल वर्मा, बीआरसी श्री सुजीत चौहान, साक्षरता दूत डॉ पीसी लाल यादव, उल्लास साक्षरता सदस्य एवं समाज सेवी शमशुल होदा खान, साक्षरता सदस्य डॉ मोनिका सिंह, श्री संजय श्रीवास्तव, उल्लास साक्षरता रिसोर्स पर्सन श्री कमल वर्मा एवं श्रीमती सरस्वती वर्मा एवं श्री कोमल कोठारी उपस्थित थे। सभी ने उल्लास साक्षरता परीक्षा महाअभियान 23 मार्च



2025 को सफल बनाने अपने अपने विचार रखे। उल्लास साक्षरता जिला नोडल डॉ श्रीमती रश्मि खरे सभी को उल्लास साक्षरता शपथ दिलाई। अंत में सहायक जिला नोडल अधिकारी श्री नेहरु लाल वर्मा ने आभार प्रदर्शन किये।

# कुलदीप सिंह ठाकुर बगदई के सरपंच व टीकम निषाद उपसरपंच हुए निर्वाचित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ग्राम पंचायत बगदई से टीकम निषाद उपसरपंच निर्वाचित हुए । वहीं सरपंच पद पर कुलदीप सिंह ठाकुर निर्वाचित हुए हैं । टीकम निषाद निर्विरोध पंच निर्वाचित हुए थे । टीकम निषाद को उपसरपंच व कुलदीप सिंह ठाकुर को सरपंच बनने पर बगदई के लोगों ने फूल माला व गुलाल लगाकर स्वागत किया । सरपंच कुलदीप सिंह ठाकुर व उपसरपंच टीकम निषाद ने कहा कि हम सभी मिलकर गांव का विकास करेंगे । गांव के लोगों को योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए योजनाओं का लाभ दिलाने हर संभव प्रयास करेंगे। ग्राम पंचायत बगदई के पंचायत में 10 पंचगण श्रीमती अतेशृवरी ठाकुर, श्री लाला पटेल, श्री भूपेन्द्र निषाद, श्रीमती मनीषा निषाद, श्रीमती डिलेवरी पटेल, श्रीमती शशी साहू, श्रीमती सीता दुबे, श्रीमती रामबाई साहू, श्रीमती ईश्वरी बाई पटेल, श्रीमती पूर्णिमा बाई पटेल सभी लोग निर्वाचित हुए । टीकम निषाद को उपसरपंच निर्वाचित होने पर उनके ईष्ट मित्रों व कार्यकर्ताओं में हर्ष व्यक्त करते हुए दिलीप दुबे, अगेस पटेल, राजकुमार पटेल, होरी लाल पटेल, सरजू निषाद, कोमल निशाद, ज्ञानेश्वर पटेल, प्रेम पटेल, जीवन पटेल, गिरधारी निषाद, खेला निषाद,1डाकवर निषाद, रामभरोस पटेल, फुलदास साहू,1रोमन ठाकुर, आदि ने बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की है।



# भर्रेगांव के ग्रामीणों ने लक्ष्मीबाई बंजारे को सौपी कमान, उपसरपंच चुने गए लक्की चंद्राकर



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के उप सरपंच पद का चुनाव आज पूरे जिले में संपन्न हुआ। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत भर्रेगांव में भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित चंद्राकर जो कि वार्ड पंच का चुनाव लड़े थे जिसमे लक्की चंद्राकर पंच निर्वाचित हुए थे जिसे आज पंचों ने मिलकर निर्विरोध उपसरपंच चुने हैं जिससे ग्रामीण एवं पंचों में हर्ष व्याप्त करते हुए एक दूसरे का फूल मालाओं से भव्य स्वागत सम्मान किया। नवनिर्वाचित जनपद सदस्य मेघ राज चद्राकर ,नवनिर्वाचित सरपंच लक्ष्मीबाई बंजारे, उपसरपंच लक्की चंद्राकर पंचगण दुर्गेश्वरी निषाद, मोतीलाल चंद्राकर, चंद्रमणि चंद्राकर, वीनू कुमार साहू, केदार प्रसाद निषाद,चित्ररेखा निषाद, शैलेंद्री चंद्राकर,अनीता चंद्राकर, एकता चंद्राकर, दुर्गाबाई सोनकर सूर्यभान चंद्राकर,अनीता बाई सिन्हा,अनीता मुकेश साहू, मिमिन बाई,नीलमणि सोनकर, बालकृष्ण पटेल, लक्की चंद्राकर, रमाबाई सिन्हा,कमल कुमार, जानकी बिदानी का भव्य स्वागत सम्मान हुआ।

# होली पर्व के पूर्व शांति समिति की बैठक संपन्न

**अंबागढ़ चौकी ( नांदगांव टाइम्स )।** स्थानीय थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी होली पर्व को देखते हुए शांति ढंग से पर्व को मनाने व किसी प्रकार के हुड़दंगियो द्वारा शांति भंग ना हो इसको मद्देनजर रखते हुए चर्चा की गई।

ज्ञात हो कि 14 मार्च 2025 को होली के पर्व को शांतिपूर्वक ढंग से मनाने के लिए थाना प्रभारी अश्वनी राठौर व तहसीलदार अरुणिमा टोप्पो के दिशा निर्देश पर पर्व को शांतिपूर्वक ढंग से मनाने अपील की गई, नियमो के पालन करते हुए पर्व को सौहार्द्र पूर्वक व शांति ढंग से मनाने के लिए चर्चा की गई, बैठक में अंबागढ़ चौकी थाना प्रभारी अश्वनी राठौर, तहसीलदार



अरुणिमा टोप्पो, ग्राम पटेल दामोदर शर्मा, व्यापारी संघ अध्यक्ष संजय लाटा, भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष द्विवेदी, नवनिर्वाचित पार्षद ईश्वरी ध्रुवे, सुरेश नेताम, विनोद डेहरिया, किशुन पटेल, दिलीप कुंभकार, चंदन उपाध्याय, बंटी यादव, संदीप दुबे, वैभव परिहार सहित नगर के जनप्रतिनिधि व पत्रकार गण मौजूद थे।

**डीजे बॉक्स सिस्टम लगाने के पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य - तहसीलदार**

राजस्व विभाग के तहसीलदार अरुणिमा टोप्पो ने बताया कि होली पर्व के दौरान चौक चौराहों सहित वार्डो में पर डीजे व दो बॉक्स साउंड सिस्टम लगाने के लिए भी अनुमति लेना अनिवार्य है इसी दौरान थाना प्रभारी अश्वनी राठौर ने कहा कि डीजे साउंड सिस्टम लगने के दौरान झगड़े की स्थिति निर्मित होने पर आयोजित समिति जिम्मेदार होगी, बैठक के दौरान होली पर्व ने जन प्रतिनिधियों सहित पत्रकार साथियों से विशेष सहयोग करने की अपील की है।

## राकेश साहू बने ग्राम पंचायत घोरदा के नवनिर्वाचित उपसरपंच

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम पंचायत घोरदा में उपसरपंच के निर्वाचन में वार्ड क्रमांक 11 से पंच राकेश साहू और वार्ड क्रमांक 13 से पंच शारदा साहू ने उपसरपंच का पर्चा भरा जिसमें 02 मतों से राकेश साहू बाजी जीत गया,जिसमें राकेश साहू को 08 और शारदा साहू को 06 मत प्राप्त हुए इस तरह राकेश साहू 02 मतों से उपसरपंच बना। सभी पंचगण एवं सरपंच सूर्यकांत साहू ने राकेश साहू को जीत की शुभकामना संदेश दिया।



# गौ सेवा कर हमने पाया संतोष

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** वैसे तो रोज सुबह मै 6. 45 पर घर से अपने कार्यस्थल चौकी जाने के लिए निकल जाता हूं । आज रविवार छुट्टी का दिन होने से हम सभी परिजन एक साथ थे । सुबह - सुबह पौधों की देखभाल के लिए रविवार को आने वाला माली अपना काम कर रहा था । मेरी छोटी बेटी छत में माली के साथ इसी काम में लगी हुई थी । इसी बीच सुबह लगभग 8 बजे बेटी ने देखा कि घर से लगे सरकारी गार्डन के समीप उस प्लाट में जिसे बाउंड्री वाल से घेर दिया गया है , दो कुत्ते एक छोटे से गाय के बच्चे को नोंच रहे थे । उसने जोर से आवाज देकर मुझे बताया । मैं और मेरा बेटा लाठी - डंडा लेकर पहुंचे तब तक कुत्तों ने गाय के बच्चे को तीन से चार स्थानों पर बुरी तरह नोंच डाला था । जैसे - तैसे उसे गोद में उठाकर मेरे बेटे से दीवार से ऊपर मुझे पकड़ाया ।

खून से लथपथ बछड़े को लेकर मैने अपने घर पर उसे घास पर लेटाया । पड़ोस में रहने वाले वेटनरी डॉक्टर से फोन पर चर्चा कर उसे पूरी कहानी बताया । उनके परामर्श पर बछड़े की फोटो चोट ग्रस्त स्थान की उसे भेजा ।तब तक उसके घाव पर मेरी पत्नी ने हल्दी लगाई गई और बोतल से दूध भी पिलाया गया । लगभग दो घंटे बाद



कंपाउंडर वैक्सीनेशन के साथ पहुंचा । उसके द्वारा बछड़े को चार इंजेक्शन लगाए गए । घाव वाले स्थान पर सफाई कर मरहम भी लगाया गया । अब चिंता इस बात की थी कि उस बछड़े का किया क्या जाए ? उसकी मां का कहीं पता नहीं चल रहा था । दोपहर लगभग 3.30 बजे मै क्रिकेट देखते अपने हॉल में बैठा था । इसी बीच एक गाय रंभाती हुई आई । वह जोर - जोर से चिल्ला रही थी । मुझे समझते देर नहीं लगी । मैने तुरंत बछड़े को अपनी गोद में उठाया और उसे दिखाते हुए गाय को आवाज लगाई । गाय दौड़ते हुए चली आई । मां और बच्चे का स्नेह देखते ही बनता था । वह बछड़ा जो खड़े होने में असमर्थ था , उसकी माँ के चाटने - दुलारने से 15 मिनट में ही खड़ा हो गया और दूध पीने लगा ! लगभग 4.0 बजे बछड़े की मां गाय अपने बच्चे को लेकर धीरे - धीरे अपने गंतव्य की ओर बढ़ने लगी । मेरे बेटे और बेटी को इस बात की चिंता थी कि फिर से बच्चे को कुत्ते न झपट लें , इसलिए थोड़ी - थोड़ी देर में उन दोनों द्वारा उनकी खबर ली जाती रही । अंतत: शाम लगभग 5.30 बजे गाय और बछड़े को सुरक्षित देख हम सभी को आत्मिक शांति का अनुभव हुआ । मैं हर पशु मालिक से निवेदन करना चाहता हूं कि यदि आपने पशुपालन का शौक पाल रखा है तो उनकी सुध लेने की जरूरत भी समझें ।

nandgaon times march-10-4.qxd 3/9/2025 10:42 PM Page 3



## ज्ञान मंथन

*1) हाल ही में रणजी ट्रॉफी 2024-25 किसने जीती है?*
*2) हाल ही में विश्व वन्यजीव दिवस 2025 कब मनाया गया?*
*3) किस फिल्म ने 2025 का सर्वश्रेष्ठ फिल्म का ऑस्कर पुरस्कार जीता है?*
*4) सागर कवच अभ्यास किसने आयोजित किया था?*
*5) हाल ही में विमोचित दियासलाई किसकी आत्मकथा है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) विदर्भ (2) 3 मार्च (3) अनोरा (4) भारतीय तटरक्षक बल (5) कैलाश सत्यार्थी

## सदैव करे नारियों का सम्मान

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भागवत प्रवक्ता मनोज मोहन शास्त्री जी ने पूरे भारत वर्ष को यह संदेश दिया है कि अगर अन्न का अपमान होता है, तो राष्ट्र की हानि अवश्य होगी।शास्त्री जी ने कहा है कि



उतना ही ले थाली में जो व्यर्थ न जाए नाली में। जिस अन्न के लिए हम प्रात: काल से संध्या काल पर्यंत नित्य मेहनत करते हैं, आज हम उसी अन्न का अगर अपमान करें तो हमारा जीवन व्यर्थ है।आगे कहते हैं कि केवल अन्न दान के लिए आपको पात्रता नहीं देखना पड़ता है, अपितु जितने सभी दान हैं उसके लिए आपको पात्रता देखना पड़ेगा। इसलिए दोनों में सर्वश्रेष्ठ दान अन्न दान है।एक महान शक्तिशाली दान के बारे में बताएं जो राष्ट्रहित के लिए है, वह है रक्तदान। जिससे व्यक्ति तुरंत ही स्वस्थ हो जाता है। जो अपने शरीर को कष्ट देकर दान करते हैं, उस दान का नाम रक्त दान है।

शास्त्री जी ने नारी शक्ति के बारे में भी कहा कि जहां नारियों का सम्मान होता है, वहीं देवता निवास करते हैं। इसलिए हम संकल्प ले कि नारियों का सदैव सम्मान करेंगे।डॉ मनोज मोहन शास्त्री जी का यह संदेश पूरे विश्व के लिए एक सुंदर संदेश है, जिसे हम सभी को पालन करना अति आवश्यक है।

## बिहान से जुड़ कर महिलाए हो रही है सशक्त और आत्मनिर्भर :- जि.प.अध्यक्ष किरण

**छुरिया ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम पंचायत शिकारीटोला में बिहान समूह के दीदियों द्वारा आयोजित के वार्षिक अधिवेशन आमसभा कार्यक्रम में जिला पंचायत राजनांदगांव अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव शामिल हुई । श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत



अभियान महिलाओं को देश के विकास के साथ जोड़ रहा है, महिला संगठन की दीदीयो द्वारा वार्षिक अधिवेशन आमसभा का आयोजन किया गया जिसमें शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। महिला समूह के द्वारा अच्छे कार्य किये जा रहे है जो बेहत प्रशंशनीय है, मुझे बहुत खुशी है कि आज हमारे गांव शिकारीटोला की भी महिला भी आत्मनिर्भर बन रही है.देश के विकास में महिलाओं का अहम योगदान है । शिक्षा, स्वास्थ्य, रक्षा, अंतरिक्ष,विधि,खेल, राजनीति, चिकित्सा जैसे सभी क्षेत्रों में महिलाओं ने उत्कृष्ट कार्य किये है। नारी शक्ति का स्वरूप है और उसे जरूरत है तो सिर्फ अपने अंदर की शक्ति को जागृत करने की। नारी यदि ठान लें तो हर सफलता उसके कदम चूमती है। इस अवसर पर जनपद सदस्य उत्तरा निषाद, जिला भाजपा महामंत्री रविन्द्र वैष्णव सहित ग्राम वासी उपस्थित थे।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शक्ति वाहनी संस्था ने सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालो का किया सम्मान



**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** देश प्रदेश में आज का दिन विशेष दिन कह सकते क्योंकि आज ऐसे शक्तियों को याद करने का दिन है अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में देश प्रदेश शहर गावो के माता बहनों को याद करने का दिन है वैसे तो मातृ शक्ति हर दिन याद करते है यु कहे कि हमारा जीवन मातृ शक्ति के बिना अधूरा है आंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आज डोंगरगढ़ की प्रतिष्ठित संथा शक्ति वाहनी के द्वारा महिलाओं का सम्मान कार्यक्रम रखा गया जिसमें क्षेत्र के उन महिलाओं का सम्मान किया गया जिनका कार्य मानव समाज के लिए महत्वपूर्ण है

धर्म नगरी डोंगरगढ़ की शक्ति वाहनी महिलाओं की संथा है जो महिलाओं के हितों पर कार्य करती है साथ ही धर्म के क्षेत्र में भी अनुकरणीय कार्य के लिए इस संस्था को जाना जाता है इस संथा के द्वारा वर्ष भर कुछ कुछ कार्य करते रहते है आज महिला दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मन किया गया जिन्हें सम्मान किया गया उनका नाम

शक्ति वाहिनी द्वारा आयोजित महिला सम्मान समारोह कार्यक्रम में उत्कृष्ट क्षेत्र में कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान किया गया दिन में प्रमुख रूप से शांति विश्वकर्मा जो आज पूरे छत्तीसगढ़ और पूरे भारत में ड्रोन दीदी के नाम से जानी जाती हैं उनका सम्मान किया गया इसके अलावा लाल बहादुर नगर से उपस्थित हुए श्रीमती पुष्पा सिन्हा है वह भी नक्सल प्रभावित क्षेत्रों की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य कर रही हैं छोटे से ग्राम जामरी की रहने वाली निर्मला सिन्हा राज्य स्तर की लेखिका हैं जिनके बहुत ही सुंदर लेख आए दिन छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, गुजरात,उत्तर प्रदेश के समाचार पत्रों में इनके द्वारा रचित लेख छपते हैं और वह धार्मिक संगठन में भी जुड़कर कार्य कर रही हैं हमारे क्षेत्र से कुछ पार्षद चुनाव जीती महिलाओं का भी सम्मान किया गया जिसमें शारदा यादव जी, सुहाना मांडवी जो अकेले रहते हुए सब्जी भाजी के व्यापार कर अपने परिवार की देखभाल करती है इन सभी का सम्मान इस मंच के माध्यम से किया गया 7 कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में संगीता टेंभूरकर, पूनम डोंगरे ,काजल डोंगरे,,सुधा श्रीवास्तव ,शीला गहरवार अनुपमा मुनेश कुमार, कृष्णअंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के कार्यक्रम में श्री खाटूश्यामजी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष विशाल सुराणा का भी विशेष सहयोग रहा इसके अलावा शक्ति वाहिनी से ज्योति बडवाईक, शारदा अग्रवाल ,सुनीता बघेल ,हर्षा देवांगन ,मंजू बघेल, गोमती बघेल , रीना रगड़े ,सीमा मिश्रा अचला ठाकुर ,पूनम ठाकुर ,नवनीत कौर, धनश्री गिरधर, पूजा बघेल, अंजू चौधरी ,कीर्ति बड़े ,वंदना सोनी,,गुलशन खांडेकर ,सुनीता यादव, बरखा सोनी ,कविता बघेल, ज्योति गौतेल, प्रीति गौतेल , तामेश्वरी चौधरी ,पूजा सिंह राजपूत ,नीता तराने, वंदना



सिसोदिया ,संतोषी यादव ,पूजा उजवाने ,संगीता राजपूत, मधु महोबिया,निर्मला साहू, प्रीति पाल, श्रद्धा अग्रवाल, सौम्या भारद्वाज, के गायत्रीराव ,सपना ,राखी प्रसाद ,सुधा श्रीवास्तव ,हेमलता तिवारी, सुलभा सिंह ,वैशाली हत्थेल, पूजा करसे, रोशनीसरवारी ,शालू बिरहा संथा से सम्मानित राज्य स्तर की लेखिका श्रीमती निर्मला सिन्हा ने कहा कि बहुय ही खुशी की बात है डोंगरगढ़ में शक्ति वाहनी के दारा हम बहनों का सम्मान किया हम अभरी है वही अन्य महिलाओं ने भी सक्ति वाहनी संस्था की प्रशंसा की।

# मौसम विभाग की परीक्षा में मोहबा के छात्र ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

## विभाग की ओर से हुए सम्मानित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** समीपस्त ग्राम मोहबा निवासी आठवीं के छात्र (अद्वैत पब्लिक स्कूल) ने भारतीय मौसम विज्ञान विभाग की ओर से आयोजित परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है उनकी इस उपलब्धि पर मौसम विभाग ने उन्हें विशेष सम्मान से नमाज है। इधर क्षेत्र की जनप्रतिनिधियों ने भी उनकी इस सफलता पर उन्हें सम्मान दिया है और साथ ही कहा है कि यह जिले का गौरव बढ़ाने वाली बात है।दिल्ली में अद्वैत पब्लिक स्कूल के कक्षा आठवीं गांव से लेकर ग्राम मोहबा के निवासी और एक बेहतर पब्लिक स्कूल के साथ तुषार कुमार सानू भारत मौसम विभाग द्वारा आयोजित परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य भर में पहला स्थान प्राप्त किया है। इस परीक्षा का आयोजन भारत मौसम विभाग 150 वर्ष कार्ड के अवसर पर किया गया था। जिसमें कक्षा आठवीं के भाग लिया छत्तीसगढ़ में 2800 छात्रों ने इस परीक्षा में भाग लिया था। जिसमें से पहले तीन स्थानों का चयन किया था और तुषार कुमार सिन्हा ने पहला स्थान प्राप्त किया सम्मान दिल्ली में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में मिला कार्यक्रम में अर्जेंटीना से सेक्रेटरी जनरल उपस्थित हुई। तुषार के सफलता के उपलक्ष में क्षेत्र के भाजपा मंडल अध्यक्ष परदेसी सोनबोईर के नेतृत्व में जिला पंचायत सदस्य शीला टाकेश सिन्हा,जनपद उपाध्यक्ष अनीता डिगेन्द्र सिन्हा और टाकेश सिन्हा अध्यक्ष सेवा सहकारी पदुमतरा, हरिचंद सिन्हा अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति रेंगाकठेरा डिगेन्द्र सिन्हा पिछड़ा वर्ग महामंत्री उनके घर पहुंचे और उन्हें शुभकामनाएं दिये।



# होली से पहले बसंतपुर पुलिस की सख्त कार्रवाई, 12 बदमाश जेल भेजे गए



**राजनांदगांव ( नांदगाँव टाइम्स )।** होली पर्व के मद्देनजर शहर में शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए बसंतपुर पुलिस ने अपराधियों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। पुलिस ने विभिन्न इलाकों से 12 आदतन अपराधियों को गिरफ्तार कर उन्हें धारा 170 बीएनएएस के तहत जिला जेल भेज दिया है।

**थाना बुलाकर दी गई कड़ी समझाइश**

बसंतपुर पुलिस ने कुछ बदमाशों को थाना बुलाकर सख्त चेतावनी दी और भविष्य में किसी भी तरह की आपराधिक गतिविधियों में शामिल न होने की समझाइश दी।

**गिरफ्तार बदमाशों की सूची**

गिरफ्तार किए गए 12 आरोपियों में कोमल कौशिक, प्रदीप पटेल, दिलीप लहरे, अर्जुन धनकर, साजिद खान, राज सोनवानी, चंदन गणवीर, ललित ढीमर, सरजू सिंह ठाकुर, तरुण यादव, नेतराम यादव और तिलक सिन्हा शामिल हैं। इन्हें माननीय अनुविभागीय दंडाधिकारी न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से जेल वारंट जारी होने के बाद सभी को जेल भेज दिया गया।

**वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर हुई कार्रवाई**

इस कार्रवाई को पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा और नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र नायक के मार्गदर्शन में अंजाम दिया गया। थाना प्रभारी बसंतपुर एमन साहू के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने यह अभियान चलाया।

**पुलिस की सख्त निगरानी जारी**

होली पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए पुलिस प्रशासन मुस्तैद है। अपराधियों और असामाजिक तत्वों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि त्योहार सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके।

# सप्ताह में 2 दिन श्रमदान करने का कॉलोनी वासियों ने लिया संकल्प

## साफ सफाई के साथ झाड़ियां की कर रहे कटाई

**राजनांदगांव।** संस्कारधानी राजनांदगांव में कॉलोनी में निवास करने वाले अब सप्ताह में दो दिन श्रमदान करने का संकल्प लिया है। सड़कों के साफ सफाई सुनिश्चित कराने के साथ-साथ झाड़ियां की नियमित रूप से कटाई भी की जा रही है, जिसमें बच्चों से लेकर महिलाओं का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है। कॉलोनी में निवास रत बुजुर्ग भी पूरी तरह से इसमें अपना सहयोग भी दे रहे हैं।

ज्ञात हो की नांदगांव शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए नगर निगम द्वारा भी समय-समय पर जागरूकता अभियान चलाया जाता है। आयुक्त अतुल विश्वकर्मा की पहल के बाद टाकापारा वार्ड के अंतर्गत आने वाली जी रोड से लगी नेहरू नगर कॉलोनी में एक अनूठे पहल की शुरुआत की गई है। सप्ताह में दो दिन शनिवार और रविवार को कॉलोनी के रहवासियों द्वारा ही स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। सड़कों की साफसफाई सुनिश्चित कराने के साथ-साथ पेड़ों में अधिक से अधिक उग



चुकी झाड़ियां की कटाई करने में पूरे कॉलोनी के रहवासी अपना सहयोग दे रहे हैं। शनिवार और रविवार के दिन यह अभियान चलाया जा रहा है। साफ सफाई के साथ-साथ विचरण करने वाले आवारा मवेशियों को भी गर्मी के दिनों में पानी की व्यवस्था भी हर चौक चौराहों में कराई जा रही है। घरों के सामने भी पानी की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाती है। जिससे इस कॉलोनी में आवारा मवेशियों से लेकर बंदरों की भी बहुतायत उपस्थित यहां बनने लगी है। पेड़ों में उछल कूद करते बंदर जलपान से लेकर खाना खाते नजर आ रहे हैं। इस कॉलोनी को नगर निगम द्वारा सफाई और स्वच्छता के लिए एक रोल मॉडल के रूप में चिन्हांकित भी किया गया है। यहां पर निवासरत प्रतिष्ठित और बुजुर्ग तथा मार्गदर्शन समाज के डॉ कौमार्य, श्री महिपाल, श्री गायधने,श्री थेर, श्री चंदेल , काशी अग्रवाल श्री जोशी जी, उमाशंकर श्रीवास्तव, गंगाधर मेन्ढे, श्री प्रभाकर, टोमन लाल साहू रोड सेन मिलन साहू देवेंद्र ठाकुर सुमित श्रीवास, बिट्टू शर्मा ,संतोष साहू, अनिल त्रिपाठी ,श्री देवांगन ,जेपी साहू, सोनू, मोनू, संजू, नानू,माधुरी, सीमा श्रीवास सहित अन्य महिलाओं का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है।

## धर्म समाचार....

# आमलकी एकादशी पर तुलसी से जुड़ी ये गलतियां पड़ सकती हैं भारी, जरूर रखें ध्यान




एकादशी तिथि मुख्य रूप से भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना के लिए समर्पित होती है। साथ ही एकादशी पर तुलसी पूजा का भी विशेष महत्व माना गया है। लेकिन आपको ये लाभ तभी मिल सकते हैं जब आप एकादशी के दिन तुलसी से संबंधित कुछ जरूरी नियमों का ध्यान रखें। ऐसे में चलिए जानते हैं एकादशी पर तुलसी से संबंधित कुछ नियम। फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को आमलकी एकादशी (द्रड्डद्वड्डद्म श्वद्मड्डस्रड्डह्यद्धद्ब 2025) के नाम से जाना जाता है। इस बार यह एकादशी सोमवार, 10 मार्च को मनाई जा रही है। इस दिन मुख्य रूप से आंवले के पेड़ की पूजा की जाती है। साथ ही इस दिन तुलसी पूजा से भी साधक को विष्णु की कृपा की प्राप्ति हो सकती है। हिंदू धर्म में तुलसी को पूजनीय और पवित्र माना गया है। विष्णु जी की भी प्रिय होने के साथ-साथ तुलसी में धन की देवी लक्ष्मी का भी वास माना जाता है। ऐसे में अगर आप एकादशी तिथि पर तुलसी से संबंधित कुछ नियमों को अनदेखा करते हैं, तो इससे मां लक्ष्मी रुष्ट हो सकती हैं।

**तभी मिलेगी विष्णु जी की कृपा**

एकादशी तिथि पर विष्णु जी को भोग में तुलसी दल डालकर अर्पित करना चाहिए, क्योंकि तुलसी के बिना विष्णु जी का भोग अधूरा माना जाता है। इसलिए आप एकादशी से पहले ही तुलसी के पत्ते उतारकर रख लें। इसी के साथ शाम के समय तुलसी के पास घी का दीपक भी जरूर जलाएं।

**भूलकर से भी न करें ये काम**

धार्मिक मान्यता है कि एकादशी पर तुलसी माता, भगवान विष्णु के निमित्त निर्जला व्रत रखती हैं। ऐसे में इस दिन अगर आप तुलसी में जल अर्पित करते हैं, तो इससे उनका व्रत खंडित हो सकता है, इसलिए एकादशी के दिन तुसली में जल चढ़ाना वर्जित होता है। साथ ही इस दिन तुलसी के पत्ते भी न तोड़ें।

## भालचंद्र संकष्टी पर राशि अनुसार करें इन चीजों का दान, हर काम में मिलेगी सपफलता

चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की संकष्टी चतुर्थी तिथि पर महादेव के पुत्र भगवान गणेश की विशेष पूजा-अर्चना करने का विधान है। साथ ही प्रभु को मोदक और फल समेत आदि चीजों का भोग लगाया जाता है।




धार्मिक मान्यता के अनुसार चतुर्थी पर इन शुभ कामों को करने से गणपति बप्पा की कृपा प्राप्त होती है। साथ ही मनचाहा करियर मिलता है।

पंचांग के अनुसार, चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को भालचंद्र संकष्टी चतुर्थी के नाम से जाना जाता है। इस बार भालचंद्र संकष्टी चतुर्थी 17 मार्च को मनाई जाएगी। इस दिन विधिपूर्वक भगवन गणेश की पूजा होती है। साथ ही विशेष चीजों का दान किया जाता है। इससे साधक को गणपति बप्पा की कृपा प्राप्त होती है। साथ ही धन लाभ के योग बनते हैं। अगर आप भगवान गणेश को प्रसन्न करना चाहते हैं, तो भालचंद्र संकष्टी चतुर्थी पर पूजा करने के बाद राशि अनुसार दान करें। इससे साधक को शुभ फल की प्राप्ति होती है। साथ ही मनचाहा करियर मिलता है। ऐसे में आइए जानते हैं कि भालचंद्र संकष्टी चतुर्थी के दिन किस राशि के जातक को किस चीज का दान करना चाहिए?




# नवनिर्वाचित अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी सहित पार्षदों ने ली शपथ



## डा रमन और सांसद नहीं आए

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी सहित 15 पार्षदों ने शनिवार को स्थानीय पुराना बस स्टैण्ड में आयोजित एक गरिमामय समारोह में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। एसडीएम ने उन्हें शपथ दिलाया। निर्धारित कार्यक्रम के बावजूद विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का कार्यक्रम में न पहुंचना अनेकों सवालों को जन्म देता है। लगातार भाजपा पार्टी कार्यक्रम में व्यस्ता के चलते सांसद संतोष पाण्डे भी शामिल नहीं हो पाए,

स्थानीय नगरीय निकाय में 15 वर्षों बाद भाजपा की शानदार वापसी हुई है, जिसके बाद शपथ ग्रहण का कार्यक्रम भी नगर पंचायत के इतिहास में पहली बार खुले में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम नपं अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी ने शपथ ली, उसके बाद सभी पार्षदों ने एक - एक करके शपथ लिया। निकाय में अध्यक्ष सहित 11 पार्षद भाजपा तथा 3 कांग्रेस समर्थित हैं, इसके अलावा एक निर्दलीय हैं। शपथ ग्रहण समारोह में कांग्रेसी पार्षद कुछ देर के लिए पहुंचे, शपथ ली और फिर वहां से रवाना हो गये। शपथ लेने वालों में पार्षद गीता सलामे, निर्मला मालेकर, प्रियंक जैन, रोहित गुप्ता, प्रफुल्ल जैन, गायत्री यादव, कोमल साहू, नफीसा सिद्धिक बडगुजर, लीलाराम मंडलोई, लक्ष्मीनारायण सेन, सद्दाम खत्री, दुर्गेश रामटेके, मनबोधी पटेल, पुरूषोत्तम साहू तथा पद्मिनी ठाकुर प्रमुख रहे। इस दौरान नपं अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी ने नागरिकों के बीच कहा कि नगर को स्वच्छ सुंदर के साथ प्रदेश में एक मॉडल नगर के रूप में विकसित करने की दिशा में वे सभी पार्षदों के साथ मिलकर कार्य करेंगे। आने वालों पांच सालों में नगर में सिर्फ विकास होगा। वे नागरिकों की बेटी, बहू और बहन बनकर कार्य करेंगी। शपथ ग्रहण समारोह में प्रमुख रूप से विधायक गजेन्द्र यादव,



दिनेश गांधी, भरत वर्मा, रमेश पटेल, नीलू शर्मा, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, सौरभ कोठारी, दीना पटेल, एसडीएम , तहसीलदार, सीएमओ सहित अनेक प्रमुख हस्तियां उपस्थित थे। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित उक्त शपथ ग्रहण कार्यक्रम के दौरान ही नगर पंचायत द्वारा स्वच्छता दीदीयों, मितानिनों आदि का साड़ी, शाल व श्रीफल देकर सम्मान किया गया। इस दौरान नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का सम्मान करने व उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। इसके अलावा नगर पंचायत द्वारा नगर पंचायत के समस्त करों के ऑनलाईन भुगतान की प्रक्रिया भी प्रारंभ की गई। इससे आमजनता घर बैठे ही अपने समस्त करों का भुगतान कर सकेगी। एक लम्बे समय से इसकी आवश्यकता महसूस की जा रही थी, जो अब जाकर पूरी हुई है। नगर के कुछ नागरिकों ने मंच स्थल पर ही जाकर आनलाइन संपत्ति कर जमा किया।

# संस्कारधानी राजनांदगांव शीतला मंदिर में भव्य रूप से प्राण प्रतिष्ठा चिखली

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** संस्कारधानी राजनांदगांव के चिखली में स्थित शीतला मंदिर में माता जी की भव्य प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया है। यह आयोजन आचार्य अभिषेक कृष्ण शास्त्री के द्वारा 10 तारीख को किया जाएगा, जिसमें प्रातः काल 9 बजे से



कलश यात्रा और माता जी का नगर भ्रमण होगा।इस आयोजन में मुख्य यजमान श्री बी एन ठाकुर और उनकी धर्म पत्नी कांति ठाकुर सहित कई अन्य गणमान्य लोग शामिल होंगे।

समिति के सदस्यों में अध्यक्ष कुंज लाल साहू, गणेश साहू, भास्कर झा, हीरा लाल सिन्हा, कमल साहू, पिंटू साहू, युवराज साहू, रूपेश साहू, मुकेश तिवारी, श्रुति लोकेश जैन, चंदन साहू, शेखर साहू, रमेश साहू, प्रेम रजक और पूर्व महापौर श्री हेमा देशमुख शामिल हैं।आयोजन के दौरान जलाधिवास, अन्नाधिवास, शय्यानधिवास और फलाधिवास जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम भी 9 मार्च को हुए यह आयोजन राजनांदगांव के लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर होगा, जहां वे माता जी की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल हो सकते हैं और आशीर्वाद प्राप्त कर सकते हैं।

# पहाड़ी पाठ देव स्थल उत्थान समिति ने 21 फीट भव्य शिव प्रतिमा गुफा रास्ते से जाकर होता है नजदीक से भगवान शिव का दर्शन



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला मुख्यालय से लगभग 20 किलोमीटर के आसपास की दूरी स्थित जोरातराई, मनगटा जंगल में 21 फीट भव्य शिव प्रतिमा बीते दिनों में स्थापित की गई है वहां के पुजारी पुष्पेन्द्र शर्मा ने बताया कि भगवान शिव का नजदीक से दर्शन करने के लिए गुफा के रास्ते से ऊपर रास्ता बनाया गया है जिससे लोग भगवान शिव को नजदीक से दर्शन करते हैं और अपना अपनी मनोकामना को पूर्ण करते हैं वैसे तो पहाड़ी पाठ मंदिर प्रांगण में हिंदू धर्म संस्कृति की सभी देवी देवताएं विराजमान है जंगल में स्थित पहाड़ी पाठ देव स्थल



चारों तरफ से जंगल से घिरा हुआ है शांत वातावरण में जंगल के बीच का मनोरम अद्भुत और आनंदित कर देता है और लोगों की नवरात्रि के दोनों पर्वों में भक्तों का जमावड़ा इस मंदिर प्रांगण पर उमड़ता है मंदिर के पुजारी ने बताया कि मुड़ी पेड़ के नीचे भगवान शिव स्वयंभू प्रकट हुए हुए हैं उनके दर्शन के लिए दूर-दूर से भक्तों का रोज जमावड़ा रहता है मुड़ी पेड़ के अलावा उसके आसपास के पेड़ सभी नष्ट हो गए हैं लेकिन मुड़ी द पेड़ के नीचे मंदिर के जो बीच शीर्ष पर है वह अभी तरो ताजा है जो भगवान शिव की



उपस्थिति का प्रमाण है भगवान शिव वहां के भक्तों को कभी निराश नहीं किए हैं उनकी मनोकामना सदैव पूर्ण हुई है।

# श्रीमद् भागवत कथा में शामिल हुए विधायक भोलाराम साहू

## व्यासपीठ से लिया आशीर्वाद क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि खुशहाली की कामना

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विधानसभा खुज्जी क्षेत्र के ग्राम घोघरे (छुरिया) में आयोजित श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह कार्यक्रम में विधायक खुज्जी माननीय श्री भोलाराम साहू जी ने पहुंच कर, कथा वाचक पंडित श्री निरंजन महाराज जी से आशीर्वाद प्राप्त किया तथा क्षेत्र के सुख, शान्ति, समृद्धि एवं खुशहाली के लिए कामना किए। इस भव्य श्रीमद भागवत कथा के आयोजन के लिए प्रकाश यादव जी भूतपूर्व विधायक एवं सुभाष यादव जी एवं विपिन यादव जी समस्त यादव परिवार को तथा समस्त ग्रामवासी घोघरे को बहुत बहुत बधाई दिए. इस दौरान गजेंद्र यादव जी विधायक दुर्ग शहर, श्रीमती सीमा यादव जी जनपद सदस्य छुरिया, राजू सिन्हा जी कांग्रेस कार्यकारिणी ब्लॉक अध्यक्ष छुरिया, दिनेश गाँधी




जी, सतीश पटेल जी, प्रताप घावडे जी एवं यादव परिवार के सभी सदस्य तथा ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# चिरचारी मे भेमन कुमार साहू निर्विरोध उपसरपंच बने

## पंचायत परिवार ने मातृ शक्तियों को तिलक लगाकर सम्मानित किया

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विकासखंड छुरिया के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत चिरचारी में भेमन कुमार साहू नव निर्वाचित उप सरपंच निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। जिसमें हमारे सरपंच राजेश कुमार सिन्हा, पंचगण और सचिव, रोजगार सहायक, उपस्थित थे और साथ ही अतंराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया महिलाओं का तिलक एवं श्री फल से सम्मान किया गया।भेमन कुमार साहू ने अपने पुरे वार्ड और ग्राम पंचायत चिरचारी खुर्द को बहुत बहुत धन्यवाद आभार व्यक्त किया।



# महिला दिवस पर नगर अध्यक्ष ने किया मातृ शक्तियो का सम्मान

**अंबागढ चौकी ( नांदगांव टाइम्स )।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को नगर पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने नगर के विभीन्न वार्डो की मातृ शक्तियो का सम्मान किया। महिला दिवस के अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने नगर के विभीन्न वार्डो में महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया। नगर पंचायत अध्यक्ष कार्यालय बस स्टैन्ड में महिला सम्मान समारोह की शुरूआत की गई उसके बाद दिन भर नगर के अलग अलग वार्डो एवं अलग स्थानो में स्वंय सहायता समूह व महिला मंडल से जुडी मातृ शक्तियो का सम्मान किया गया। इस अवसर पर पार्षद उमा निषाद, विनोद डेहरिया, पूर्व पार्शद शंकर निषाद, मनीष बसोड़, प्रमोद ठलाल, तुरीत प्रसाद तिवारी, बिटटु रब्बानी, अफशान खान, शमीमुद्दीन कुरैशी, अनिल महोबिया, छगन बंजारे, शिवम बाजपेयी, बाबू दुबे, रिनी पोरेटी, रामू यादव सहित बडी



संख्या में नगर पंचायत अध्यक्ष समर्थक मौजुद थे।

**महिला मंडल को सौपा पंजीयन प्रमाण पत्र**

महिला दिवस के अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष की ओर से नगर के वार्ड क्रमांक 11 व 12 की महिला मंडल नवदुर्गा जसगीत सेवा समिति का छग सोसायटी आफ पंजीयक कार्यालय से पंजीकृत किए जाने का पंजीयन प्रमाण पत्र नगर अध्यक्ष ने समिति के पदाधिकारियो को सौपा। इस दौरान महिला मंडल का सम्मान किया गया।

**साडी, शाल व गमछा भेटकर सम्मान**

महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने नगर के विभीन्न वार्डो में मातृ शक्तियो का सम्मान साडी, शाल व गमछा भेटकर किया। कार्यक्रम के दौरान नगर अध्यक्ष ने कहा की मातृ शक्ति से बडी कोई शक्ति नही है। हमे अपने नगर के विकास के लिए माताओ व बहनो के आशीर्वाद व मार्गदर्शन से नगर के खुशहाली व विकास के लिए कार्य करना है।

# नदी नालो से रेत तस्करी करने वालों पर राजस्व की कार्यवाही, मामला : मेढा खल्लारी एनीकट का



**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** नदी नालो के सुखते ही रेत तस्करों ने खुलेआम नदी का सीना चीर कर रेत निकालने का कार्य बेधड़क कर रहे थे और शिकायत मिलने के बाद राजस्व विभाग की टीम ने इन रेत तस्करों व परिवहन में युक्त वाहनों को रंगे हाथ पकड़ने में सफलता प्राप्त की है. सूत्रों से मिली जानकारी में बताया गया कि ग्रामीणों की शिकायत थी कि एनीकट के गेट को खोल दिया गया है जिसकी सूचना पर जल संसाधन विभाग के एसडीओ अरशद, सिद्धकी मेढा खल्लारी एनीकट का गेट बंद करने



02 ट्रैक्टर सहित 01 माजदा वाहन में रेत ले जा रहे थे

पहुंचे थे और देखा कि 02 ट्रैक्टर सहित माजदा वाहन में नदी से रेत निकाल कर लोड किया जा रहा है जिसकी सूचना तत्काल राजस्व अधिकारी मनोज मरकाम को दी गई व राजस्व विभाग के अतिरिक्त तहसीलदार कमल किशोर साहू, नयाब तहसीलदार सतपाल यादव सहित पुलिस मौका स्थल पर पहुंचे तो पाया कि 02 ट्रैक्टर व 01 माजदा वाहन रेत भरा हुआ था. अमला को आते देख रेत तस्कर अपने वाहनों को छोड़ कर भाग गए. जिस पर राजस्व विभाग की टीम ने रेत भरे उक्त वाहनों का पंचनामा कार्यवाही कर मामले को विवेचना में लिया गया है।




प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com